# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल

जिला-शहडोल 484001 (मध्यप्रदेश)

फोन (कार्या–240304) (निवास–241443) (फैक्स–240304) ई–मेल– dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2024/ 1894 शहडोल, दिनांक :26/02/2024

**प्रति,**

**महाप्रबंधक**
**एस.ई.सी.एल. सोहागपुर**
**पोस्ट धनपुरी जिला शहडोल (म.प्र.)**

विषयः– वनमण्डल दक्षिण शहडोल के वन परिक्षेत्र बुढ़ार के वन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 833, 834 के रकवा 36.734 हे0 वनभूमि में बंगवार भूमिगत कोयला उत्खनन व्यपवर्तन का मे0 साउथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स का प्रस्ताव।

संदर्भः– 1– भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र क्र./8–196/1984–FC (vol.) दिनांक 28.07.2023

2–प्र.मु.व.सं (कक्ष भू–प्रबंध) म.प्र.भोपाल का पत्र क्र./F–1/824/2021/10–11/3637 दि. 14.08.2023

3. इस कार्यालय का पत्र क्र./माचि/6575 दिनांक 10.11.2023, 6975 दिनांक 04.12.2023 एवं 1377 दिनांक 08.02.2024.

4– आपका पत्र क्रमांक/264 दिनांक 02.02.2024.

-☆☆☆-

विषयांकित संदर्भित क्र. 3 का अवलोकन करें जिसमें भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के बिन्दु क्र. VII के अनुसार 20.432 हे.0 गैर वनभूमि का संयुक्त निरीक्षण कर प्रतिवेदन भेजने हेतु बार–बार लेख किया जाता है परन्तु आपके द्वारा अपूर्ण प्रतिवेदन इस कार्यालय को भेजा जाता है जिससे प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही नहीं हो पा रही है तथा प्रकरण वनमण्डल के पोर्टल में लंबित दर्शित हो रहा है। अतः भारत सरकार के बिन्दु क्र. VII के अनुसार मौका स्थल का संयुक्त कार्यवाही हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी को परिक्षेत्राधिकारी बुढ़ार से सम्पर्क स्थापित कर कार्यवाही पूर्ण उपरान्त इस कार्यालय को प्रतिवेदन भेजें ताकि अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

(श्रद्धा पन्द्रे)
**वन मण्डल अधिकारी**
**दक्षिण शहडोल वन मण्डल**
26/2/2024

d/c पृ0क्रमांक/मा.चि./2024/ 1895 शहडोल, दिनांक :26/02/2024

**प्रतिलिपिः-**

1. मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. उप वनमण्डलाधिकारी जैतपुर की ओर सूचनार्थ अग्रेषित।
3. वन परिक्षेत्राधिकारी बुढ़ार की ओर संदर्भित पत्र क्र. 1 की छायाप्रति संलग्न कर भेजी जा रही है। कृपया भारत सरकार के बिन्दु क्र. VII के अनुसार स्थल की मौका निरीक्षण कर प्रतिवेदन तीन दिवस के अन्दर चाहा गया था जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर उचित माध्यम से इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

**वनमण्डलाधिकारी**
**दक्षिण वनमण्डल शहडोल**
26/2/2024

D:\YEAR 2023\VM\LATTER DM 2023.docx838